# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे ''मिशन शक्ति अभियान-4'' के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

''मिशन शक्ति अभियान-4'' व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 14.08.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को ''मिशन शक्ति'' व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित ''एंटी रोमियो स्क्वायड'' टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की

**(2).** आज दिनाँक 14.08.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में श्रवण मास के दौरान शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया । पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी ।

**(3).** आज दिनाँक 14.08.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय में आये हुये फरियादियों की शिकायतों को सुनकर शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये

**(4).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 02 अभियुक्तों के कब्जे से 45 क्वार्टर देशी शराब बरामद की।
**(क).**चौकी प्रभारी खण्डेहा श्री विनय विक्रम सिंह तथा उनके हमराही आरक्षी मनीष यादव, आरक्षी भरतलाल द्वारा अभियुक्त चुनकू सिंह पुत्र रामखिलाड़ी सिंह निवासी खण्डेहवा मजरा खण्डेहा थाना मऊ जनपद चित्रकूट को 25 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना मऊ में धारा 60 आबकारी अधिनियन के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।
**(ख).** उ0नि0 श्री राजेश कुमार थाना रैपुरा तथा उनके हमराही मुख्य आरक्षीराममूरत द्वारा अवधेश कुमार पुत्र अवध नारायण निवासी ग्राम बांधी थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट को 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना रैपुरा में धारा 60 आबकारी अधिनियन के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

**(5).** आज दिनाँक 14.08.2024 को माननीय अध्यक्ष जिला पंचायत श्री अशोक जाटव, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष श्री लव कुश चतुर्वेदी, अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक बांदा चित्रकूट श्री पंकज अग्रवाल, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कर्वी श्री नरेंद्र गुप्ता एवं जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जी एन, पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अमृतपाल कौर की उपस्थिति में तिरंगा यात्रा नगर पालिका परिषद कर्वी कार्यालय से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। यह तिरंगा यात्रा नगर पालिका कार्यालय से चलकर धनुष चौराहा होते हुए एलआईसी चौराहा स्थित शहीद स्मारक पर समाप्त हुई।

शहीद स्मारक पर पर्यटन विभाग द्वारा विभाजन विभीषिका दिवस की लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन पूर्व सांसद श्री आरके सिंह पटेल एवं जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक सहित अन्य सभी अधिकारियों ने किया। तत्पश्चात शहीद स्मारक पथ पर राष्ट्रगान भी गया गया।

इस अवसर पर पूर्व सांसद श्री आरके सिंह पटेल ने कहा कि 15 अगस्त के पूर्व आज 14 अगस्त 2024 को हर घर तिरंगा रैली का आयोजन किया गया उन्होंने अमर शहीदों को नमन करते हुए कहा कि आज शहीद स्मारक पर जो यह विभाजन विभीषिका की प्रदर्शनी लगाई गई है उसमें वीर सपूतों की गाथा का वर्णन किया गया है जिसको आप सभी लोग देखें और समझे कि हमारा देश किस तरह से आजाद हुआ है।

तिरंगा यात्रा रैली में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री उमेश चंद्र निगम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, डीसी मनरेगा श्री धर्मजीत सिंह, डीसी एनआरएलएम श्री ओम प्रकाश मिश्रा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री बीके शर्मा, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका श्री लाल जी यादव सहित संबंधित अधिकारी, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह, पीआरओ श्री प्रवीण कुमार सिंह एवं शहर के विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राएं शिक्षक एवं अधिकारी/कर्मचारी एवं संभ्रात नागरिक शामिल रहे।

(6). आज दिनाँक 14.08.2024 को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर देश के विभाजन के दौर में अपने परिवारीजनों के प्राण न्यौछावर करने पड़े ऐसे लोगों को नमन कर हुये पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक श्री चक्रपाणि त्रिपाठी एवं कार्यालय में नियुक्त समस्त अधिकारी/कर्मचारीगणों द्वारा 02 मिनट का मौन धारण कर उन्हे श्रद्धांजली दी गयी।

इसी क्रम में जनपद के समस्त कार्यालयों, थाना/चौकियों तथा पुलिस लाइन्स में भी देश के विभाजन के दौर में अपने परिवारीजनों के प्राण न्यौछावर करने पड़े ऐसे लोगों को नमन कर हुये 02 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजली दी गयी।

**(7).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में सामाजिक रिश्तों को बचाने हेतु किये जा रहे प्रयासों के क्रम में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र पुलिस टीम द्वारा आपसी परिवारिक झगड़े को समाप्त कराकर परिवार में सुलह कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया ।

आवेदिका श्रीमती माया देवी पुत्री छोटेलाल निवासी फाटा का पुरवा थाना भरतकूप जनपद चित्रकूट ने पुलिस अधीक्षक चित्रकूट के समक्ष प्रार्थना पत्र दिया कि उनके पति श्री राजू रैकवार पुत्री कल्लू निवासी बगइचा का पुरवा थाना बदौसा जनपद बांदा एवं ससुराल पक्ष द्वारा गाली गलौज,मारपीट व लड़ाई झगड़ा कर दहेज के लिये प्रताड़ित करते है। पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा प्रार्थना-पत्र के निस्तारण हेतु प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया गया। परिवार परामर्श केन्द्र प्रभारी उ0नि0 श्रीमती गुड्डी देवी, महिला आरक्षी शिवांगी श्रीवास्तव, महिला आरक्षी मंजूलता पाल एवं पुलिस काउन्सलर परिवार परामर्श केन्द्र श्री सुरेश चन्द्र जायसवाल द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया तथा दोनों पक्षों को समझाया गया । दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में मारपीट,गाली गलौज व लड़ाई झगड़ा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही गयी । आपसी सुलह होने पर दम्पत्ति जोड़े को एक दूसरे के साथ-साथ आपस में सामन्जस्य बिठाकर एवं परिवारिक दायित्यों को सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी गयी।

**समझौता कराने वाली टीमः-**

1.प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र उ0नि0 श्रीमती गुड्डी देवी
2.पुलिस काउन्सलर परिवार परामर्श केन्द्र श्री सुरेश चन्द्र जायसवाल
3.महिला आरक्षी शिवांगी श्रीवास्तव
4.महिला आरक्षी मंजूलता पाल

**(8).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थानाध्यक्ष भरतकूप के मार्गदर्शन में थाना भरतकूप पुलिस ने नाबालिक को बहलाफुसलाकर भगा ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि दिनाँक 05.05.2024 को थाना भरतकूप में एक वादिया द्वारा सूचना दी थी कि उनकी 15 वर्षीय नाबालिक पुत्री को सोहनलाल अहिरवार उर्फ सोनू पुत्र भोपाली अहिरवार नि0 अधियारा थाना विजावर जनपद छतरपुर म0प्र0 बहला फुसलाकर भगा ले गया है। इस सचूना पर थाना भरतकूप में मु0अ0स0 77/2024 धारा 363 भादवि बनाम सोहनलाल अहिरावार उर्फ सोनू उपरोक्त पंजीकृत किया गया। थानाध्यक्ष भरतकूप द्वारा मुकदमें की विवेचना तत्कालीन उ0नि0 श्री बालकिशुन का सुपुर्द की गयी थी। उ0नि0 श्री बालकिशुन द्वारा पीड़िता को 13.05.2024 को बरामद किया गया था तथा पीड़िता के माननीय न्यायालय से समक्ष हुये बयान के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 376,323 भादवि0 व 06 पॉक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी की गयी। उ0नि0 श्री बालकिशुन के थाना भरतकूप से स्थानान्तरण होने के पश्चात विवेचना उ0नि0 श्री राहुल पाण्डेय को सुपुर्द की गयी। उ0नि0 श्री राहुल पाण्डेय तथा उनके हमराही द्वारा अथक प्रयास करते हुये आज दिनाँक 14.08.2024 को अभियुक्त सोहनलाल अहिरवार उर्फ सोनू उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तारी करने वाली टीमः-**

1.उ0नि0 श्री राहुल पाण्डेय थाना भरतकूप
2.मुख्य आरक्षी शैलेन्द्र सिंह

**(9).** श्रीमान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देशन में चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत माननीय न्यायालय में लम्बित चल रहे वादों में गहन पैरवी कर अपराधियों को अधिक से अधिक सजा कराने हेतु पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक रैपुरा श्री श्याम प्रताप पटेल एवं पैरोकार आरक्षी रवि प्रकाश द्वारा की गयी गहन पैरवी एवं सहायक अभियोजन अधिकारी श्री हरिओम सिंह द्वारा की गयी प्रभावी प्रस्तुति एवं प्रभावी बहस के फलस्वरूप माननीय न्यायाधीश न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम सुश्री अंजलिका प्रियदर्शनी द्वारा थाना रैपुरा में पंजीकृत मु0अ0सं0 216/2016 धारा 60 आबकारी अधिनियम के आरोपी अभियुक्त रामसिंह उर्फ रामसेवक यादव पुत्र रामध्वज निवासी देउंधा थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट को न्यायालय उठने तक की सजा व 1000/- रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया गया ।

**(10).** आज दिनाँक 14.08.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा थाना पहाड़ी में थाना पहाड़ी, थाना राजापुर, थाना रैपुरा व थाना सरधुवा के विवेचकों का अर्दली रुम किया गया । अर्दली रुम के समस्त विवेचकों से प्रत्येक विवेचना पर विस्तारपूर्वक वार्ता करते हुए विवेचना लंबित रखने का कारण पूछकर गुण दोष के आधार पर विवेचना के शीघ्र निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। आईजीआरएस एवं मुलाकाती शिकायती प्रार्थना-पत्रों के निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

अर्दली रुम के दौरान क्षेत्राधिकार राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय, प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्रीमती रीता सिंह, प्रभारी निरीक्षक राजापुर श्री मनोज कुमार, निरीक्षक अपराध थाना सरधुवा श्री अंजनी कुमार सिंह, पीआरओ श्री प्रवीण कुमार सिंह एवं अन्य विवेचकगण उपस्थित रहे ।

**(11).** श्रीमान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देशन में चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत माननीय न्यायालय में लम्बित चल रहे वादों में गहन पैरवी कर अपराधियों को अधिक से अधिक सजा कराने हेतु पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह एवं पैरोकार आरक्षी प्रदीप कुमार द्वारा की गयी गहन पैरवी एवं सहायक अभियोजन अधिकारी श्री हरिओम सिंह द्वारा की गयी प्रभावी प्रस्तुति एवं प्रभावी बहस के फलस्वरूप माननीय न्यायाधीश न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम सुश्री अंजलिका प्रियदर्शनी द्वारा थाना कोतवाली कर्वी में पंजीकृत मु0अ0सं0 5044/2009 धारा 379,411 भादवि0 के आरोपी अभियुक्त लईक पुत्र नफीस अहमद निवासी द्वारिकापुरी 2.विहाल पुत्र सुलिल निवासी भैंरोपागा 3.इरफान पुत्र अतीक अहमद निवासी निवासी कच्ची छावनी थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को 3500/-3500/- रुपए के अर्थदण्ड व जेल में बिताई गयी अवधि से दण्डित किया गया ।

(12). आज दिनाँक 14.08.2024 को आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर चलाये जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी राजापुर श्री प्रमोद झा एवं क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय साथ कस्बा राजापुर में तिरंगा यात्रा निकाली गयी। यह तिरंगा यात्रा थाना राजापुर से प्रारम्भ होकर देवी तिराहा से सरांय तलैया होते हुये मैन बाजार/सर्राफा मार्केट से सब्जी मण्डी होते हुये वापस थाने पर समापन किया गया। इस दौरान आमजनमानस में देश भक्ति की भावना जागृत की गयी।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष श्री संजीव कुमार मिश्रा, ईओ नगर पंचायत श्री भोलानाथ कुशवाहा, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री मनोज कुमार, पीआरओ श्री प्रवीण कुमार सिंह एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

(13). आज दिनाँक 14.08.2024 को आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर चलाये जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में अपर पुलिस अधीक्षक श्री चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री राज कमल की उपस्थिति में कर्वी शहर में तिरंगा यात्रा निकाली गयी। इस तिरंगा यात्रा का धनुष चौराहा से प्रारम्भ करके पटेल तिराहा से एलआईसी तिराहा होते हुये वापस धनुष चौराहा पर समापन किया । इस दौरान आमजनमानस में देश भक्ति की भावना जागृत की गयी।

इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक श्री शिवनारायण, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह , पीआरओ श्री प्रवीण कुमार सिंह एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।